**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 572**

**गुरुवार, 24 जुलाई, 2025/2 श्रावण, 1947 (शक)**

**रोजगार सृजन में वृद्धि**

**572. डा. सुधांशु त्रिवेदी:**

**श्री बृज लाल:**

**श्री अमर पाल मौर्य:**

**श्री मिथलेश कुमार:**

**डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे:**

**डा. दिनेश शर्मा:**

**श्री बाबू राम निषाद:**

**श्रीमती किरण चौधरी:**

**श्री नरहरी अमीन:**

**श्री मनन कुमार मिश्र:**

**श्रीमती माया नारोलिया:**

**श्री रायगा कृष्णैया:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2020 से 2025 के दौरान देश में कितनी नौकरियां सृजित हुई हैं;

(ख) क्या बेरोजगारी की दर में कोई गिरावट आई है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत पाँच वर्षों के दौरान महिला रोजगार की दर में कितनी वृद्धि हुई है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (घ): आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रोजगार और बेरोजगारी का आधिकारिक डेटा स्रोत है जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित किया जा रहा है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020-21 से 2023-24 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और बेरोजगारी दर (यूआर) निम्नानुसार हैं:

(% में)

| वर्ष | डब्ल्यूपीआर | यूआर |
|---|---|---|
| 2020-21 | 52.6 | 4.2 |
| 2021-22 | 52.9 | 4.1 |
| 2022-23 | 56.0 | 3.2 |
| 2023-24 | 58.2 | 3.2 |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

उपरोक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के रोजगार दर्शाने वाले कामगार जनसंख्या अनुपात में वृद्धि की प्रवृत्ति है और अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) में पिछले कुछ वर्षों में घटने की प्रवृत्ति है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा प्रकाशित केएलईएमएस (के पूंजी, एल श्रम, ई ऊर्जा, एम सामग्री और सेवाएं) डाटाबेस अखिल भारतीय स्तर पर विनिर्माण क्षेत्र सहित रोजगार अनुमान प्रदान करता है। डेटाबेस के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, देश में रोज़गार, वर्ष 2017-18 के 47.5 करोड़ की तुलना में वर्ष 2023-24 में बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया।

इसके अतिरिक्त, नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 और वर्ष 2023-24 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए रोजगार दर्शाने वाला अनुमानित महिला कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) क्रमशः 28.7%, 31.4%, 31.7%, 35.9% और 40.3% है, जिसमें पिछले वर्षों से वृद्धि की प्रवृत्ति है।

*****